प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

दो–दिवसीय 'जय गोपाल वर्मीकम्पोस्टिंग' प्रशिक्षण का आयोजन

पंतनगर। 30 अप्रैल, 2024। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली के केंचुआ जैव तकनीकी परियोजना, पशु आनुवांशिकी विभाग द्वारा दो–दिवसीय 'जय गोपाल वर्मीकम्पोस्टिंग' प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 30 अप्रैल से 1 मई, 2024 तक किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में 9 जनपदों के कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक एवं जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रगतिशील कृषक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज उद्घाटन समारोह प्रशिक्षण एवं भ्रमण इकाई, प्रसार शिक्षा निदेशालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली के प्रधान वैज्ञानिक, डा. रणवीर सिंह इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन को सराहनीय बताते हुए अवगत कराया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा।

कार्यक्रम में निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं संयुक्त निदेशक, डा. संजय चौधरी द्वारा कार्यक्रम की उपयोगिता के सन्दर्भ में चर्चा की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक डा. निर्मला भट्ट ने बताया कि इस दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंचुआ प्रजाति 'जय गोपाल' के द्वारा वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन की तकनीकियों एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों हेतु किया जा रहा है। इस तकनीक से कम समय में ही कम्पोस्ट बनकर तैयार हो जाता है। भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित जय गोपाल केंचुआ का कल्चर भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक संचार, डा. जे.पी. जायसवाल एवं रेखीय विभागों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. निर्मला भट्ट, प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अतिथि।

कार्यक्रम में जय गोपाल केंचुआ का कल्चर वितरित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अतिथि।